an>

Title: Need to prescribe low-cost generic medicines.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : स्पीकर महोदया, आपका धन्यवाद कि आपने एक महत्वपूर्ण विऐाय उठाने की अनुमति दी है। ...(व्यवधान) आज स्वास्थ्य सुविधाएं, चाहे वह मेडिसीन हो, ड्रग्स हो या मेडिकल के गैजट्स हों, वह बहुत महंगा होता है। ...(व्यवधान) मैं भारत सरकार के प्रधानमंत्री और स्वास्थ्य मंत्रालय का हृदय से शुक्रिया अदा करता हूं कि जेनरिक मेडिसिन और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और कार्डिएक एसटेंट के प्राइस पर कैपिंग किया है। इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। ...(व्यवधान) लेकिन कई ऐसे मेडिकल के डिवाइसेज होते हैं जैसे आई कैन्युअला होता है, इमप्लांट्स होता है, इसके लिए भी प्राइस कैपिंग करना चाहिए। मैं अहमदाबाद से आता हूं, गांधीनगर में नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ फर्मास्यूटिक्लस भारत सरकार का एक उपक्रम है ...(व्यवधान) वहां इस प्रकार के गैजट्स तैयार करने के लिए वहां विशेऐ रूप से प्रावधान किया गया है। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से प्रार्थना है कि सभी जगहों पर इस तरह मेडिकल डिवाइसेज उपलब्ध कराए जाएं ताकि गरीब मरीजों को उसको सुविधा मिले, ट्रीटमेंट एफोंडेबल रहे। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल,

श्री रोड़मल नागर,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री चद्र प्रकाश जोशी,

डॉ. कुलमणि सामल,

श्री निशिकान्त दुबे,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

रवीद्र कुमार जेना को डॉ. किरिट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विऐय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाए।